जालसाजों ने तीन लोगों के खाते में सेंधमारी करके 23.67 लाख उड़ाये

चिनहट, जानकीपुरम साइबर थाने में दर्ज हुई एफआईआर

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। साइबर जालसाजों ने अलग-अलग तीन लोगों के खातों में सेंधमार करके 23.67 लाख रुपये पार कर दिए। ये मामले चिनहट, जानकीपुरम, साइबर क्राइम थाने में दर्ज किए गए है। चिनहट कमता के आशीष त्रिपाठी ने बताया कि 15 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि क्रेडिट कार्ड से करीब साढ़े सात लाख रुपये की खरीदारी साइबर ठगों ने कर ली। उनके पास न तो कोई कॉल आई, न ही कोई ओटीपी साझा की। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट लिखाई। जानकीपुरम सेक्टर एफ निवासी गणेश शुक्ला बेटी वासवी व गुंजन का उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में खाता है। 14 अक्तूबर को वासवी के खाते से आठ लाख 45 हजार, गुंजन के खाते से तीन लाख 62 हजार रुपये साइबर जालसाजों ने निकाल लिए। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि आशीष के करीब साढ़े सात लाख रुपये में से पांच लाख 53 हजार रुपये फ्रीज कराए गए हैं। नीलमथा के अभिषेक सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास अनजान नंबर से कॉल करने वाले ने खुद को इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड का कस्टमर केयर कर्मी बताया। उसने कार्ड पर लगने वाला वार्षिक शुल्क हटाने की बात कहते हुए जाल में फंसाया। जालसाज ने लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड से चार बार में साढ़े तीन लाख रुपए निकाल लिए। कैंट थाना प्रभारी गुरप्रीत कौर ने बताया कि अभिषेक के खाते से गए रुपये फ्रीज कराए जा रहे हैं।

आवास विकास परिषद का फर्जी अधिकारी बनकर हड़पे 97.54 लाख, मुकदमा

लखनऊ। पीजीआई इलाके में आवास विकास परिषद का फर्जी अफसर बनकर रिटायर सूबेदार के परिवार से 97.54 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित राज किशोरी द्विवेदी का आरोप है कि दंपति ने आवास विकास के फर्जी अधिकारी के साथ मिलकर प्लॉट आवंटित कराने और बच्चों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। पीजीआई पुलिस ने रविवार को पांच नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी राजेंद्र प्रसाद पहले भी जेल जा चुका है। बांदा के तिंदवारी की निवासी राज किशोरी द्विवेदी वर्तमान में वृंदावन कॉलोनी के सेक्टर-6सी में रहती हैं। उनके पति आनंद कुमार द्विवेदी 30 नवंबर 2016 को सेना में सूबेदार मेजर के पद से रिटायर हुए थे। रिटायर के बाद परिवार लखनऊ में ही बसना चाहता था। इसी दौरान उनकी मुलाकात नेकपाल, उसकी पत्नी सोमलता और अन्य परिचितों से हुई। आरोप है कि राजेंद्र प्रसाद ने खुद को आवास विकास विभाग का अधिकारी बताकर परिजनों का भरोसा जीता। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने प्लॉट आवंटन के नाम पर 27 लाख रुपये और करीब 10 लाख रुपए कार्यालय के खर्च के लिए वसूले।

समाचार पत्र वितरक को पितृ शोक



लखनऊ। समाचार पत्र वितरक विकास शाखा चारबाग के समाचार पत्र वितरक अनिल कुमार निवासी ई ब्लाक 3943 राजाजी पुरम लखनऊ के पिता झिनकु राम का आज निधन हो गया है।जिनकी उम्र 76 साल थी। वह अपने पीछे पत्नी चन्द्रावती देवी व चार बेटे एवं पौत्र सहित हंसता खेलता परिवार अपने पीछे छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार गुलाला घार पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में समाचार पत्र वितरक बलिन्दर सिंह व विनोद पाल एवं डा राम किशन आजाद ने गहरा दु:ख प्रकट किया।

पृथ्वी पर राम से बड़ा कोई मंत्र नहीं-शंकरदास

सिद्धेश्वर मंदिर में श्री राम कथा का प्रथम दिन

लखनऊ।पृथ्वी पर राम से बड़ा कोई मंत्र नहीं है। यह बात शंकरदास ने कुंडरी रकाबगंज स्थित विराजेश्वर महादेव मंदिर में श्री राम कथा के पहले दिन कहीं।शंकर और मां पार्वती राम मंत्र को हमेशा जपते रहते हैं।शंकर दास ने कहा राम नाम है और मंत्र भी है। इस मंत्र का जाप कर भगत कितने भी संकट में हो उससे मुक्ति पा जाता है। यही नहीं इस मंत्र को जप कर भक्त संसार में जो भी चाहता है वह पा सकता है। राम मंत्र को जपने वाला व्यक्ति मरने के बाद भगवान के धाम जाता है। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम ने अयोध्या के सभी नागरिकों को बुलाया और उनसे मानव तन की महत्ता बताई। उन्होंने बताया कि इस मानव तन पाने के लिए देवता भी तरसते हैं। इस मानव तन के लिए स्वर्ग बहुत छोटी चीज है। मानव इस तन से ऐसा कार्य कर सकता है कि वह प्रभु के धाम जा सकता है, जहां से फिर उसे आना नहीं होता है। प्रभु के धाम में आनंद ही आनंद है।

शंकर दास ने कथा में गुरु व संत कृपा पर चर्चा करते हुए कहा यदि गुरु सक्षम हो तो हुआ शिष्य को प्रभु तक पहुंचा सकता है। इस कलयुग में सच्चा गुरु मिलना बहुत मुश्किल है। इस समय गुरु शिष्य का धन तो ले लेता है लेकिन उसे सत मार्ग ले जाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।आजकल अधिकतर लोग अपने कर्म सुधारने में नहीं बल्कि गुरु को ढूंढने में मेहनत कर रहा है जबकि यदि हम अपने कर्म सुधार ले तो गुरु अपने आप मिल जाएगा।श्री राम कथा के संयोजक नरेश निगम ने बताया ने बताया कल श्री राम कथा में शिव विवाह का गुणगान होगा।

68500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरा

लखनऊ। राजधानी में सोमवार को 68500 सहायक शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। नियुक्ति की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान वहां पहुंची पुलिस ने हिरासत में लेना शुरू कर दिया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान मैनपुरी से आए मनोज नाम के प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ गई। मनोज को साथियों ने एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद हालत ज्यादा खराब होने पर केजीएमयू में ले जाकर भर्ती कराया। प्रदर्शनकारियों ने ऐसी क्या मजबूरी है-आरक्षण की चोरी है और पिछड़ा आयोग ने माना है-आरक्षण घोटाला है जैसे नारे लगाए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाने का प्रयास किया। पुलिस ने सभी अभ्यर्थियों को टांगकर वहां से ले गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के ऊपर कपड़े फाड़ने अभद्रता के आरोप लगाए। प्रदर्शन करने आए तूफान सिंह ने बताया कि 10 सितंबर को हम सभी लोगों की मुलाकात बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के साथ हुई। इस दौरान बेसिक और माध्यमिक विभाग के तमाम आलाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में दोनों मंत्रियों के साथ अधिकारियों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि घोटाला हुआ है। जब राज्य पिछड़ा आयोग ने मान लिया राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग ने मान लिया और अब सरकार में बैठे अधिकारी मंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं कि घोटाला हुआ है तो रोजगार क्यों नहीं मिलता। प्रदर्शन कर रहे आशुतोष वर्मा ने कहा कि हम पिछले 8 साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं।

चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद

काकोरी । पारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट और सरोसा मोड़ के पास स्थित व्यस्त इलाके में चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा बैग पार कर दिया। रेस्टोरेंट में खाना खाने गए एक दंपत्ति को इस घटना का शिकार होना पड़ा। ख़बरें सोसल मीडिया पर वायरल प्राप्त जानकारी के मुताबिक 17 अक्टूबर ए आर्यन होटल मोहान रोड़ पर गाड़ी खड़ी करके दंपती खाना खाने चला गया था तभी चोरों ने गाड़ी का सीसा तोड़ कर चुराए गए बैग में करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और लाखों रुपये के जेवरात थे। चोर सामान निकालने के बाद खाली बैग को मौके पर ही फेंककर फरार हो गए। गनीमत यह रही कि यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने का दावा किया जा रहा है, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिल सकती है।

आउटर रिंग रोड पर टायर फटने से खंभे से टकराई एसयूवी, दो महिलाओं की मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। सैरपुर में रैथा-लोधमऊ के पास आउटर रिंग रोड पर एसयूवी का टायर फटने से वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गया। हादसे में नौ लोग घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल दो लोगों को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को करीब 16:10 बजे हादसे की सूचना मिली। सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि टायर फटने से एसयूवी अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई थी। हादसे में निगोहां कस्बे के पश्चिम टोला निवासी पिंटू (38), उनकी पत्नी सपना (37), नीरज कुमारी (45), मीरा देवी (35), नन्हा देवी (65), प्रभावती (55), संदीप (35), उनका सात वर्षीय बेटा आर्यन और राम कुँवारा देवी (65) घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय की सौ शैय्या इकाई पहुंचाया गया। वहां उपचार के दौरान मीरा देवी और राम कुँवारा देवी की मौत हो गई। दोनों के शव अस्पताल की म्युर्चरी में रखवा दिए गए हैं। वहीं, नन्हा देवी और संदीप की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सैरपुर की घटना सात जख्मी

कार की टक्कर से किसान की मौत: मलिहाबाद में तेज रफ्तार कार की टक्कर से 50 वर्षीय किसान पुनई रावत की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। गंभीर हालत में पुनई को एंबुलेंस से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, माल क्षेत्र के दलथंबा गांव निवासी पुनई रावत खेती-किसानी करते थे। उनके बेटे सुभाष ने बताया कि रविवार शाम करीब छह बजे पिता रिश्ते के भाई बउवा के साथ बाइक से पत्नी पराना की दवा लेने कस्बे जा रहे थे। रास्ते में हाफिजखेड़ा के पास बउवा ने सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दी और पान मसाला लेने के लिए पास की गुमटी पर चला गया। पुनई बाइक के पास ही खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। पुनई की मौत से पत्नी पराना और चार बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सामने अब रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है।

असलहा तस्कर गिरफ्तार तीन पिस्टल बरामद

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने रविवार को पॉलीटेक्निक चौराहे वेब मॉल के पास से असलहा तस्कर को दबोचा। उसके पास से एक बैग में तीन पिस्टल बरामद हुई। वह मध्यप्रदेश के इंदौर, बिहार के मुंगेर और अलीगढ़ से पिस्टल लाकर सुलतानपुर, प्रतापगढ़ और लखनऊ के पड़ोसी जिलों में सप्लाई करता था। तस्कर के पास से तीन पिस्टल .32 बोर की और एक बैग बरामद किया गया है।

सिरफिरे किशोर ने जिंदा बंदर जलाया, मुकदमा

लखनऊ। हजरतगंज इलाके में एक सिरफिरे किशोर ने बंदर को जिंदा जला दिया। बंदर के मालिक ने आरोपी किशोर (14) के खिलाफ हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही इस मामले में आसरा द हेल्पिंग हैंड्स ट्रस्ट (एनजीओ) की ओर से भी हजरतगंज थाने में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसीपी हजरतगंज अभिषेक पांडेय ने बताया कि सुलतानगंज पुलिस चौकी के तहत रविदास नगर निवासी संजय वर्मा ने बंदर पाला हुआ है। उस बंदर का एक बच्चा था। इलाके के ही एक नाबालिग लड़के ने रविवार रात को बंदर के बच्चे को चोरी कर लिया।

खेतों से नहीं उतर रहा बाढ़ का पानी दशहरे की बुवाई का समय निकला

बंथरा। बीते 23 से 26 सितंबर तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद सई नदी में आई बाढ़ ने बंथरा क्षेत्र के किसानों की कमर तोड़ दी है। नदी का जलस्तर बढ़ने से सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में पानी भर गया, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं। बाढ़ के दौरान नदी का जलस्तर करीब छह मीटर तक बढ़ गया था, लेकिन पिछले 20 दिनों में इसमें महज एक मीटर की गिरावट दर्ज की गई है। पानी घटने की धीमी रफ्तार से किसान चिंतित हैं। खेतों में अब भी पानी भरा होने के कारण आगामी फसलों की बुवाई पर संकट गहराने लगा है।किसानों के लिए सबसे बड़ी चिंता रबी की फसलों की बुवाई को लेकर है। दशहरे के आसपास चना, मटर, मसूर, जौ और आलू जैसी फसलों की बुवाई का समय निकलता जा रहा है। खेतों में जलभराव के चलते किसान समय पर बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, यदि पानी की निकासी में और देरी हुई तो गेहूं की बुवाई भी प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ अगली फसल की पैदावार घटने की चिंता सता रही है।केंद्रीय जल आयोग के कर्मचारी भोला प्रसाद ने बताया कि बारिश के कारण सई नदी का जलस्तर करीब छह मीटर तक बढ़ गया था। अब तक इसमें लगभग एक मीटर की गिरावट आई है, जबकि नदी का जलस्तर सामान्य स्थिति में लौटने के लिए अभी करीब पांच मीटर और घटना बाकी है। उन्होंने बताया कि जिस धीमी गति से नदी का पानी कम हो रहा है, उसे देखते हुए जलस्तर सामान्य होने में काफी समय लग सकता है। खेतों में पानी, किसानों की बढ़ी चिंता- बाढ़ का पानी लंबे समय तक खेतों में भरा रहने से किसानों की खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, खेत खाली नहीं होने के कारण अगली फसल की तैयारी भी नहीं हो पा रही है। किसानों को आशंका है कि यदि जल्द जलनिकासी नहीं हुई तो गेहूं समेत अन्य रबी फसलों की बुवाई में काफी देरी हो सकती है। इससे खेती का पूरा फसल चक्र प्रभावित होने की संभावना है।

सई नदी का जलस्तर धीरे-धीरे घटने से बंथरा क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब किसानों की निगाहें नदी का पानी उतरने और खेतों के जल्द सूखने पर टिकी हैं, ताकि वे अगली फसल की बुवाई कर सकें।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान पड़ोसी युवक पर लगा आरोप

लखनऊ। महिगवां में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घरवालों का आरोप है कि पड़ोसी युवक उसे प्रताड़ित कर रहा था। जिससे परेशान होकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी। हालांकि इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, महिगवां स्थित धरौरा गांव निवासी राजेश गौतम अपनी पत्नी सीमा (30) बेटा कार्तिक, बेटी साक्षी के साथ रहकर मजदूरी करते हैं। पिता किशन ने बताया कि उनकी बेटी को ससुराल के पड़ोस में रह रहा एक युवक काफी दिनों से उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। आरोपी युवक पति राजेश का खानदानी हैं। सीमा से अपने पति राजेश को छोड़कर खुद शादी करने का लगातार दबाव बना रहा था, जिसके चलते थाने में उसके खिलाफ छेड़छाड़ की तहरीर महिगवां थाने में साल भर में दो बार तहरीर भी दी गई थी। लेकिन पुलिस ने उनके बीच समझौता करा दिया। रविवार को पति मजदूरी पर गया हुआ था। दोनों बच्चे बाहर खेल रहे थे। सीमा कमरे में थी। श्याम करीब 5:30 बजे बच्चे खेल कर अंदर कमरे में पहुंचे तो अपनी मां को फंदे से लटकता देख बेटी साक्षी ने भाग कर अपनी दादी को बताया उसके बाद घर में कोहराम मच गया। घटना की पुलिस को सूचना दी गई। मामले में पिता ने आरोपी युवक पर मानसिक रूप से प्रताड़ना एवं छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। बीकेटी में युवक ने दी जान: सरकपुर सरैया गांव में युवक ने गृह कलह से तंग आकर फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली हैं । अनुज चक्रवर्ती (25) पुत्र छोटेलाल ऑटो चलाकर अपना जीवन यापन करता था। रविवार शाम पत्नी का शोर सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे तो देखा उसका शव कमरे में पंखे से लटककर झूल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। ग्रामीणों के मुताबिक उसने 2 वर्ष पहले सुषमा से प्रेम विवाह किया था । दोनों में रोज आपसी कलह मची रहती थी ।

511 कन्याओ का पूजन कर शुरू हुआ भण्डारा

मलिहाबाद। मलिहाबाद सिद्धपीठ माँ शीतला देवी मंदिर मे रविवार से शुरू हुये तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन महानवमी पर क्षेत्र की 511 कन्याओं का पूजन कर उन्हें खीर पूडी का प्रसाद चखाकर और श्रंगार एवं उपहार प्रदान कर बडे भण्डारे का आयोजन किया गया। यह भण्डारा देर रात तक चलता रहा। मां शीतला देवी मंदिर जीर्णोद्धार सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से यहाँ प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव मे आस पास के अनेकों गावों के हजारों श्रद्धालु शामिल होते है। सोमवार को इस भण्डारें मे देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड रही। इस महोत्सव का समापन मंगलवार को विसर्जन कार्यक्रम के साथ ही किया जायेगा। समिति ने बताया कि क्षेत्र मे माता शीतला मंदिर की विशेष ख्याति के चलते तमाम श्रद्धालु अपने बच्चों के मुण्डन संस्कार आदि कार्यकम करने यहाँ पहुँचते है।

सफाई व्यवस्था की कमान संभाल रही निजी कंपनी की लापरवाही बनी मुसीबत

कई वार्डों में पार्षदों की शिकायत का भी नहीं हो रहा असर

लखनऊ,आज समाचार सेवा। शहर में घर-घर से कूड़ा उठान की व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। जेसी बोस वार्ड, महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड और लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय समेत जोन आठ व पांच के वार्डो से लगातार कूड़ा न उठने की शिकायतें मिल रही है । कूड़ा कलेक्शन नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। घरों से कूड़ा नहीं उठ रहा है तो कूड़ा पड़ाव स्थलों पर भी ढेर जमा हैं। हालात से परेशान पार्षद लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। जेसी बोस वार्ड में घर-घर से कूड़ा उठान की समस्या बनी हुई है। शिकायत के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों से कूड़ा नहीं उठने के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं, कूड़ा पड़ाव स्थलों पर भी गंदगी जमा होने की शिकायत है। महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड में भी कूड़ा कलेक्शन की समस्या गंभीर हो गई है। यहां घर-घर से कूड़ा उठान बंद होने के साथ ही कूड़ा पड़ाव स्थलों से भी नियमित उठान नहीं हो रहा है। इससे जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हैं। नियमित सफाई नहीं होने से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने भी कूड़ा उठान में लापरवाही की शिकायत की है। उन्होंने अधिकारियों को लिखकर आरोप लगाए है कि वार्ड में रामकी की ओर से कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। सर्वोदय नगर चौराहे से विकास भवन तक पूरे बाजार में और बंधे के किनारे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। घर-घर से कूड़ा कलेक्शन नहीं होने के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने अधिकारियों से तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। कई वार्डों में कूड़ा उठान को लेकर सामने आई शिकायतों ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जोन दो,पांच और आठ में भी यूजर चार्ज वसूली को लेकर विवाद

जोन दो ,पांच व आठ में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली की भी जिम्मेदार निजी कम्पनी के हाथों में है ,निजी कम्पनी के कर्मचारी यूजर चार्ज वसूली को लेकर अलग नियम कानून बना रहे है। यही नही मनमानी वसूली न देने पर कई-कई दिन तक कम्पनी कूड़ा दिस्तारण नही कर रही है। जानकार बताते है की निजी कम्पनी के कर्मचारी नियम कानूनों को ताख पर रख यूजर चार्ज की वसूली कर रहे है। यूजर चार्ज न लिने पर ठेकेदार के कारिन्दें कई कई दिन तक कूड़ा निस्तारण नही कर रहे है। ट्रान्सपोर्ट नगर में अपना निजी व्यवसाय करने वाले योगेश ने बताया की निजी कम्पनी के ठेकेदार अवैध वसूली कर रहे है तथा अवैध वसूली में साथ न देने पर देर रात्रि में अपने प्रतिष्ठान के भीतर कुछ समय के लिए प्राइवेट पार्टी का आयोजन करने की अनुमति मांग रहे है। जानकार बताते है की इन पार्टियों के आयोजन के दौरान निजी कम्पनी के कर्मचारी समस्त प्रकार के अनैतिक कार्यो को करते है । यूजर चार्ज वसूली को लेकर ट्रान्सपोर्ट नगर व आसपास के इलाके में रहने वाले व व्यवासयिक प्रतिष्ठाठों के मालिक महापौर से मिल कर विवाद को सुलझाने व अनैतिक कार्यो में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त काररवाई की मांग कर रहे है । काररवाई न होने पर नाराज इलाके के लोगो ने कानपुर रोड मुख्य मार्ग पर जाम लगाने की चेतावनी दी है ।

तीन मंजिला मकान में आग लगने से हडकम्प, गृहस्थी जलकर राख

लखनऊ। पीजीआई के एल्डिको उद्यान दो में रविवार रात कारोबारी विजय प्रताप सिंह के तीन मंजिला मकान में आग लगने हडकम्प मच गया। आग सबसे पहले मकान के निचले फ्लोर पर लगी। देखते ही देखते वहां रखा सामान जल गया। लपटें ऊपर की मंजिल तक भी पहुंच गईं। एलईडी टीवी, फ्रिज, फर्नीचर और गृहस्थी के सामान के साथ वहां खड़ी स्कूटी भी जल गई। गनीमत रही कि आग रसोई में रखे गैस सिलेंडर तक नहीं पहुंच सकी। वरना बड़ा धमाका व हादसा हो सकता था। आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था। फायर पुलिस ने पहुंचकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। घरवालों ने करीब 35 लाख रुपये का सामान जलकर राख होने की आशंका जताई है।

रक्षा खंड स्थित एल्डिको उद्यान-2 निवासी कारोबारी विजय प्रताप सिंह रविवार रात करीब 11 बजे परिवार के साथ अपने भाई के घर गए थे। इसी दौरान उनके मकान आद्या विला में आग लग गई। घर से धुआं और लपटें उठती देख पड़ोसियों ने पुलिस और दमकलकर्मियों के साथ परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पीजीआई फायर स्टेशन से एक दमकल, वाटर बाउजर और सरोजनी नगर फायर स्टेशन से एक वाटर टेंडर मौके पर पहुंचा। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से सबसे ज्यादा नुकसान मकान के निचले तल पर हुआ, जहां रखा घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। लपटें ऊपरी हिस्से तक भी पहुंच गईं। मकान में लगी आग के दौरान गैस सिलेंडर तक लपटें नहीं पहुंच सकीं, जिससे संभावित बड़े हादसे का खतरा टल गया। सिलेंडर में आग लगती तो विस्फोट से आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था। फायर पुलिस के अधिकारियों ने आग रसोई की ओर से लगने की आशंका जताई है। आग लगने के सटीक कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

संक्षिप्त

सुलह न करने पर अधिवक्ताओं ने सहायक अभिलेखपाल को पीटा, मुकदमा

लखनऊ। चार अधिवक्ताओं ने पुराना हाईकोर्ट में कार्यरत सहायक अभिलेखपाल लक्ष्मी नारायण यादव को बेरहमी से पीटा। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ वजीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लक्ष्मी नारायण ने बताया कि 21 नवंबर 2022 को वह न्यायालय सिविल जज (जूडि) हवाली में रीडर के पद पर कार्यरत थे। उस समय एक मामले में गुडंबा के कल्याणपुर निवासी अधिवक्ता अविनाश प्रताप सिंह और गोरखपुर के विछिया के रहने वाले अधिवक्ता पीयूष सिंह ने वकालतनामा दाखिल किया था। उसी दिन इसी मामले को लेकर दोनों आरोपियों ने उन्हें कोर्ट के गेट पर पीटा था। मामले में उन्होंने आरोपियों के खिलाफ वजीरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। यह वाद न्यायालय प्रथम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ में विचारण के लिए लंबित है। आरोप है कि चार साल से दोनों अधिवक्ता उन पर सुलह का दबाव बना रहे हैं। रास्ते में कई बार गाली-गलौज कर चुके हैं। लक्ष्मी नारायण ने बताया कि कुछ दिन पहले वह दोपहर करीब एक बजे पुराना हाईकोर्ट में अभिलेखागार में मौजूद थे। वह हाईकोर्ट में भेजने के पेपर बुक तैयार कर रहे थे। इस बीच वहां आरोपी अविनाश, पीयूष व दो अन्य अधिवक्ता आ गए। आरोपी गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने सुलहनामा पर हस्ताक्षर नहीं करने पर गोली मारने की धमकी दी। विरोध पर आरोपियों ने उन्हें उठा कर पटक दिया और बहुत पीटा। किसी तरह से लोगों ने उन्हें बचाया। पीड़ित ने वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

काकोरी जानलेवा हमले के मामले में 3 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

काकोरी। काकोरी थाना पुलिस टीम न वांछित तीन अभियुक्तों को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 3 अदद स्टंप भी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 12 अक्टूबर 2026 को काकोरी निवासी इमरान मंसूरी अपनी क्रेटा कार से कार्यालय जा रहे थे। गोला कुँआ रोड पर पहले से घात लगाए अज्ञात हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तहरीर के आधार पर आमिर, सुब्रत उर्फ आकाश यादव, सलमान और उबैद की सह पर हमला कराने के संबंध में थाना काकोरी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

महिला को पीटकर दिवार ढहाई, चार लोगों के खिलाफ एफ आई आर

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भावाखेड़ा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और गाड़ी मोड़कर उसकी दीवार गिराने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, भावाखेड़ा गांव निवासी सीमा पत्नी राजकुमार ने आरोप लगाया है कि गांव के ही शिवा पुत्र शिव कुमार, विशाल पुत्र शिवराम, राजेंद्र पुत्र घनश्याम और सानी पुत्र संतराम ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

'रंगीलो डांडिया' में सांस्कृतिक रंगों के साथ फिल्मी सितारों का आकर्षण

लखनऊ। नवरात्रि के अवसर पर जहां एक ओर पूरी राजधानी में डांडिया व गरबा का आयोजन किया जा रहा है,वहीं विकास नगर स्थित श्री महाकालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एवंसम बलौजम द्वारा 'रंगीलो डांडिया' कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार को किया गया। नवरात्रि के उत्साह, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक गरबा-डांडिया की रंगीन छटा से सजे इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष आकर्षण के रूप में हिंदी फिल्म 'बिजली का लट्टू' की स्टार कास्ट का उल्लेखनीय जुड़ाव रहा। फिल्म के प्रमुख कलाकारों में राजेश राय, राजीव वर्मा, संजय पांडेय, अंबिका वाणी, संदीप यादव, ऋतु माहेश्वरी और शिवम यादव शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन धीरू यादव ने किया है तथा इसके निर्माता केशव महेश्वरी हैं।

पुश्तैनी मकान छोड़ने के लिए एक समुदाय का तांडव, पथराव किया

लखनऊ। सआदतगंज इलाके में रहने वाले युवक ने एक समुदाय के लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। आरोपियों ने बाउंड्री निर्माण कार्य रोककर घरवालों पर पथराव किया। घर छोड़कर न जाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस 17 आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट, धमकी व अन्य धाराओं में रविवार को रिपोर्ट दर्ज की है।

सआदतगंज रुस्तमनगर दरगाह हजरत अब्बास निवासी राम किशोर मौर्या ने पुलिस को बताया कि वह तीन पीढ़ियों से पुश्तैनी मकान में रह रहे हैं। रविवार को वह मकान की क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य करा रहे थे। शाम करीब 5 बजे शज्जी, राशू, लकी, शेरा, रेहान, लकी, मेहंदी हसन व 10 अन्य युवक मौके पर पहुंच गए। आरोपियों ने निर्माण कार्य रोक दिया। उन्होंने नवनिर्मित बाउंड्री तोड़ने का प्रयास और पथराव किया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित परिवारीजनों पर पथराव और गाली-गलौज की। आरोपियों ने घर छोड़कर जाने को कहा। न जाने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्रीराम सेवा समिति क्षत्रिय समाज का शस्त्र पूजन आज

लखनऊ। श्रीराम सेवा समिति क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में विजय दशमी पर्व के अवसर पर आज मंगलवार को राजाजीपुरम स्थित क्षत्रिय लॉन में प्रात: हवन, शस्त्र पूजन, नन्हे-मुन्हे बच्चों की फुलवारी तथा छात्र-छात्राओं भाषण एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष श्याम सिंह राठौर ने बताया कि यह सभी कार्यक्रम प्रात: 8.30 से ही शुरू करा दिये जायेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

समिट बिल्डिंग के टकीला क्लब में छापेमारी परोसी जा रही थी अवैध शराब

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। विभूतिखण्ड की समिट बिल्डिंग के टकीला क्लब में रविवार रात आबकारी विभाग ने छापेमारी की। आबकारी टीम को छापेमारी में अवैध शराब परोसी जाती मिली। टीम ने देखा कि क्लब में मौजूद शराब, बियर के केन पर नकली बार कोड लगा था। क्लब में ग्राहकों को अवैध शराब परोसे जाने पर आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर अरविंद पाल बघेल ने विभूतिखंड थाने में क्लब मालिक समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आबकारी टीम व विभूतिखंड पुलिस ने मालिक समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। आबकारी इंस्पेक्टर अरविंद और विपिन सिंह ने बताया कि रविवार रात वह अयोध्या रोड तिवारीगंज में ड्यूटी पर मौजूद थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि समिट बिल्डिंग के टकीला क्लब में अवैध शराब ग्राहकों को दी जा रही है। इंस्पेक्टर अरविंद व सेक्टर पांच के इंस्पेक्टर विवेक सिंह पूरी टीम के साथ टकीला क्लब छापा मारने पहुंचे तो वहां पर उन्हें 23 बोतल शराब, 53 केन बियर मिलीं। शराब की बोतलों पर लगे ढक्कन और केन पर लगे बार कोड नकली थे। मौके पर क्लब मालिक वाराणसी बड़ागांव के मनीष मिश्रा, मैनेजर हरदोई के ऊंचा थोक सांडी रोड निवासी अनुराग सिंह, राजाजीपुरम का विशाल सिंह, हरदोई मल्लावां का अमित सिंह, लखीमपुर खीरी बकेनिया का सचिन वर्मा, आलमबाग सरदारी खेड़ा की सिमरन व राहुल मौजूद मिले। इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें यह शराब कम दाम पर मिलती है, जिससे उन्हें अधिक मुनाफा होता है।

पारिवारिक विवाद में चाचा ने भतीजे पर धारदार हथियार से किया हमला

लखनऊ। महिंगवा थाना के अंतर्गत सोमवार लगभग 3.15 बजे शुक्लन पुरवा गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर चाचा ने भतीजे पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में वह भी चोटिल हो गया। घटना की सूचना करन निवासी शुक्लन पुरवा ने डायल 112 पुलिस को दी।

पुलिस के मुताबिक अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन निवासी शुक्लन पुरवा तथा उसके भतीजे दिव्यांशु मिश्रा उर्फ शुभम के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। पारिवारिक विवाद को लेकर ही सोमवार की दोपहर में अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन ने बांका से भतीजे दिव्यांशु पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर होकर गिर पड़ा। जिसकी सूचना अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन के पुत्र करन ने पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर थाना की पुलिस पहुंची।